दिनांक 30 जुलाई 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना के तहत भिलाई में मिलेगी उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां सस्ती दरों पर, निगम के 5 स्थानों पर खुलनी है दुकाने

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अब उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी और यह सब संभव होगा मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना के क्रियान्वयन से! जिसके लिए भिलाई निगम ने योजना पर अमल करना प्रारंभ कर दिया है! आज निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं अन्य अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना के लिए आवश्यक दुकानों एवं भवन के निरीक्षण के लिए पहुंचे ताकि इन दुकान/भवन को सस्ती दवा दुकान योजना के लिए चिन्हित किया जा सके , इस योजना के क्रियान्वयन के लिए 500 से 800 वर्गफिट क्षेत्रफल के भवन दुकान की आवश्यकता है! इसके लिए पावर हाउस प्रगति मार्केट, टी मार्केट, बैकुंठ धाम के समीप भवन, वैशाली नगर जोन कार्यालय परिसर स्थित भवन , नेहरू भवन सुपेला मार्केट के समीप स्थित भवन का जायजा लिया गया! योजना का प्रमुख उद्देश्य जेनेरिक दवाइयों की बढ़ती हुई मांग , गुणवत्ता का किसी भी रूप में ब्रांडेड दवाइयों से कम न होना , ब्रांडेड दवाइयों से कई गुना कम कीमत पर मिलना है , जेनरिक दवाइयों की निश्चित उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा लोगों को आसानी से यह दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना एक बेहतर माध्यम साबित होगा! इस योजना से जेनेरिक दवाई के अलावा सर्जिकल आइटम की भी नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी! योजना को मूर्त रूप देने के लिए राज्य शासन की मंशा अनुसार निगम क्षेत्र में 2 रुपए प्रति वर्ग फीट भवन/दुकान का किराया निर्धारित किया जाना है! मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना में जेनेरिक दवाओं के अलावा अन्य सौंदर्य प्रसाधन सामग्री आदि का भी विक्रय किया जा सकता है! जिससे दुकान का संचालन लाभप्रद गतिविधि बन सके! इसके अलावा सामान्य आइटम जैसे रिंग गार्ड , बाम, आयोडेक्स, विक्स वेपराइजर, डेटॉल, इच गार्ड, वेपराइजर मशीन, सेनेटरी पैड, गर्भनिरोधक के अलावा अन्य ऐसे ही आइटम एमआरपी रेट पर विक्रय किया जा सकता है, लेकिन इस योजना में खास बात यह है कि किसी भी दशा में ब्रांडेड दवाओं के विक्रय की अनुमति नहीं होगी! इसके अतिरिक्त वन विभाग द्वारा संचालित संजीवनी दुकानों में बिक्री की जा रही समस्त दवाइयों/सामग्रियों का विक्रय इन दुकानों के तहत किया जाएगा! मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए खरीदी की जा रही दवाइयां भी इस योजना के माध्यम से संचालित दुकानों के माध्यम से ही क्रय की जाएगी! इस महत्वपूर्ण योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निगम के अधिकारी अलर्ट है , प्रारंभिक प्रक्रिया अपनाई जा रही है , जल्द ही

नागरिकों को मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना का लाभ मिल पाएगा! निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, प्रीति सिंह एवं अमिताभ शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे! संलग्न फोटो\